SOCIAL NEWS SEARCH






# एक्सआईएसएस में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के अवसर पर ऑनलाइन डिजिटल पोस्टर  प्रतियोगिता का आयोजन

राँची

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 मनाया गया, जिसके अंतर्गत “हेल्दी मिलेट्स हेल्दी पीपल” विषय पर एक ऑनलाइन डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी.

इस प्रतियोगिता के मकसद छात्रों के बीच मिलेट्स के फायदों और इसके कई पोषक तत्वों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का था. भारत अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 मना रहा है, यह कार्यक्रम भी समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए स्वस्थ आहार के हिस्से के रूप में मिलेट्स की खपत को बढ़ावा देने के लिए हुआ.

संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और स्वस्थ जीवन के लिए रोजमर्रा के भोजन में मिलेट्स को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया. रांची स्थित स्वदेशी भोजन को बढ़ावा देने वाले रेस्तरां, अजम एम्बा की संस्थापक और एक्सआईएसएस, पीजीडीएम ग्रामीण विकास, बैच 1997-99 की पूर्व-छात्रा अरुणा तिर्की इस प्रतियोगिता की निर्णायक थीं. उन्होंने इस प्रतियोगिता में डिजिटल पोस्टरों का मूल्यांकन किया और साथ ही बताया कि मिलेट्स बहुत स्वास्थ्यवर्धक है, इसका कार्बन फुटप्रिंट कम होता है और यह अत्यधिक स्वास्थ्य लाभों के साथ जलवायु के भी अनुकूल है.

## प्रतियोगिता में 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया

इस प्रतियोगिता में 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और स्वस्थ जीवन के लिए बाजरा के पोषण मूल्य पर जोर देते हुए रचनात्मक डिजिटल पोस्टर बनाये. छात्रों ने सक्रिय रूप से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, उन्होंने आकर्षक डिजाइन के पोस्टर बनाये, जिसमें इसके कृषि पहलू को उजागर करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न बाजरा की किस्मों के चित्र भी शामिल थे.

संस्थान के छात्र मयंक खंडेलवाल ने प्रतियोगिता जीती जबकि कुशाग्र सिंह और अंजलि गुप्ता उपविजेता रहे. विजेता छात्रों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया और अन्य को प्रमाण-पत्र दिए गए.

**PRESS : SOCIAL NEWS SEARCH**

# एक्सआईएसएस में ऑनलाइन डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



छाया : राजकुमार

रांची। जेवियरसमाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष–2023 मनाया गया। जिसके अंतर्गत "हेल्दी मिलेट्स हेल्दी पीपल" विषय पर एक ऑनलाइन डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता के मकसद छात्रों के बीच मिलेट्स के फायदों और इसके कई पोषक तत्वों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का था। भारत अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष–2023मना रहा है, यह कार्यक्रम भी समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए स्वस्थ आहार के हिस्से के रूप में मिलेट्स की खपत को बढ़ावा देने के लिए हुआ। संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और स्वस्थ जीवन के लिए रोजमर्रा के भोजन में मिलेट्स को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। रांची स्थित स्वदेशी भोजन को बढ़ावा देने वाले रेस्तरां, अजमएम्बा की संस्थापक और एक्सआईएसएस, पीजीडीएम ग्रामीण विकास, बैच 1997–99 की पूर्व–छात्रा अरुणातिर्की इस प्रतियोगिता की निर्णायक थीं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में डिजिटल पोस्टरों का मूल्यांकन किया और साथ ही बताया कि मिलेट्स बहुत स्वास्थ्य वर्धक है, इसका कार्बन फुटप्रिंट कम होता है और यह अत्यधिक स्वास्थ्य लाभों के साथ जलवायु के भी अनुकूल है। इस प्रतियोगिता में 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और स्वस्थ जीवन के लिए बाजरा के पोषण मूल्य पर जोर देते हुए रचनात्मक डिजिटल पोस्टर बनाये। छात्रों ने सक्रिय रूप से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, उन्होंने आकर्षक डिजाइन के पोस्टर बनाये, जिसमें इसके कृषि पहलू को उजागर करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न बाजरा की किस्मों के चित्र भी शामिल थे। संस्थान के छात्र मयंक खंडेलवाल ने प्रतियोगिता जीती जबकि कुशाग्र सिंह और अंजलि गुप्ता उपविजेता रहे। विजेता छात्रों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया और अन्य को प्रमाण–पत्र दिए गए। इस कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स डॉ. अमर ई. तिग्गाके साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य छात्र भी मौजूद थे।

**PRESS : AAJ**